**कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ**

संख्या–एम0ई0–3/2016/2538

लखनऊः दिनांकः18सितम्बर 2016

रिट याचिका संख्या–20575 (एम0बी0) आफ 2016 यू0पी0अनएडेड मेडिकल कालेजेज वेलफेयर एसोसिएशन बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15.9.2016 के अनुपालन में तथा शासनादेश संख्या 3688(1)/71–2–2016/81/2016 दिनांक 18 सितम्बर 2016 में निहित निर्देशानुसार दिनांक 03 सितम्बर 2016 से 08 सितम्बर 2016 तक आयोजित नीट यू0पी0 2016 की प्रथम चक्र की काउंसिलिंग तथा दिनांक 14 सितम्बर 2016 को सम्पन्न विस्तारित प्रथम चक्र की काउंसिलिंग में किये गये समस्त आवंटन एवं प्रवेश को निरस्त करते हुए नीट यू0पी0 2016 की डी0–नोवो (De-novo)प्रथम काउंसिलिंग की समय सारिणी निम्नवत निर्धारित की जाती है।

**NEET 2016 के माध्यम से चयनित छात्रों की एम0बी0बी0एस0 तथा बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों हेतु डी0–नोवो(De-novo)प्रथम काउसिलिंग की समय सारणी**

(उत्तर प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों/चिकित्सा विश्वविद्यालयों की 85 प्रतिशत स्टेट कोटा की सीटों हेतु मात्र)

काउंसिलिंग स्थल के नाम

**1- Tele Medicine Center, S.G.P.G.I., Raibareily Road, Lucknow. Tel- 0522- 2495235**
**2- Tele Medicine Center, GSVM Medical College, Swaroop Nagar, Kanpur. Tel: 0512- 2535483**
**3- Tele Medicine Center, MLN Medical College, Louther Road, Allahabad. Tel. 0532- 2256507**
**4- Tele Medicine Center, L.L.R.M.Medical College Garh Road, Meerut. Tel:0121- 2760888**

| क.सं. | आमंत्रित अभ्यर्थी<br>**NEET 2016** की ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर तैयार की गई उ0प्र0 की स्टेट रैंक | पंजीकरण तिथि<br>(समय प्रातः 09:30 बजे से सायं 5.00 बजे तक)<br>(मात्र उन छात्रों को काउंसिलिंग हेतु काउंसिलिंग केन्द्रों पर पंजीकरण कराने की आवश्यकता है, जिन्होने प्रथम चक्र की काउंसिलिंग हेतु काउंसिलिंग केन्द्रों पर पंजीकरण न कराया हो। जिन छात्रों द्वारा प्रथम काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण/अभिलेखों का सत्यापन कराया जा चुका है, उन्हे पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होगी) | काउंसिलिंग की तिथि<br>केवल राजकीय कालेजों हेतु | अर्हता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **NEET 2016** के अन्तर्गत यू0पी0 स्टेट रैंक 01 से 900 के अन्तर्गत आने वाले :–<br>Gen, OBC, SC, ST,PH, EA, FF, NCC, GL & Open श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी | 20.9.2016<br>(दिन मंगलवार)<br>स्टेट रैंक 01 से 900 के अन्तर्गत आने वाले ऐसे छात्र, जिनके द्वारा प्रथम काउंसिलिंग हेतु काउंसिलिंग केन्द्रों पर पंजीकरण नहीं कराया गया है, ऐसे अभ्यर्थी दिनांक 20.9.2016 की काउंसिलिंग प्रारम्भ होने से पूर्व तक अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। | 20.9.2016<br>(दिन मंगलवार) | (i) अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के अभ्यर्थियों को अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 50 प्रतिशत तथा नीट परीक्षा में 50 पर्सेन्टाईल (50 Percentile) अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। अनारक्षित (सामान्य) विकलांग उपश्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 45 प्रतिशत तथा नीट परीक्षा में 45 पर्सेन्टाईल (45 Percentile) अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।<br>(ii) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति |
| 2 | **NEET 2016** के अन्तर्गतः–<br>1- यू0पी0 स्टेट रैंक–901 से 1500 के अन्तर्गत आने वाले Gen(OP), (GL)श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी<br>2- यू0पी0 स्टेट रैंक–901 से 2000 के अन्तर्गत आने वाले OBC (OP) (GL) श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी<br>3- **यू0पी0 स्टेट रैंक 901 से 9000 तक के अन्तर्गत आने वालेः–**<br>(a) अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के OP तथा GL, | 20.9.2016<br>(दिन मंगलवार) | 21.9.2016<br>(दिन बुधवार) | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | PH, EA, FF, NC श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी<br>(b) अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी के OP तथा GL श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी<br>(c) Gen, OBC श्रेणी के PH, EA, FF, NCC उपश्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी | | | एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 40 प्रतिशत तथा नीट परीक्षा में 40 पर्सेन्टाईल (40 Percentile) अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। |
| 3 | **NEET 2016** के अन्तर्गतः–<br>1- यू0पी0 स्टेट रैंक–9001 से 12000तक के अन्तर्गत आने वालेअनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के OP, GLश्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी<br>2- यू0पी0 स्टेट रैंक 9001 से आगे के STश्रेणी के OP तथा GL श्रेणी के सभी अर्ह अभ्यर्थी<br>3- यू0पी0 स्टेट रैंक–9001 से आगे के Gen (PH, EA, FF, NCC), OBC (PH, EA, FF, NCC), SC (PH, EA, FF, NCC), उपश्रेणी के समस्त अर्ह अभ्यर्थी | 21.9.2016<br>(दिन बुधवार) | 22.9.2016<br>(दिन गुरूवार) | |

## (उत्तर प्रदेश के निजीक्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों की सीटों हेतु मात्र)

| क.सं. | आमंत्रित अभ्यर्थी<br>**NEET 2016** की ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर तैयार की गई उ0प्र0 की यू0पी0 प्राइवेटस्टेट रैंक (यू0पी0 प्राइवेट स्टेट रैंक दिनांक 22.9.2016 को के0जी0एम0यू0 लखनऊ द्वारा घोषित की जायेगी) | पंजीकरण तिथि (समय प्रातः 09:30 बजे से सायं 5.00 बजे तक) | काउंसिलिंग की तिथि केवल निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेन्टल कालेजों हेतु | अर्हता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NEET 2016 के अन्तर्गत यू0पी0 प्राइवेट स्टेट रैंक 01 से 15000 के अन्तर्गत आने वाले अर्ह अभ्यर्थी | 22.9.2016<br>(दिन गुरूवार) | 23.9.2016<br>(दिन शुकवार) | (i) अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के अभ्यर्थियों को अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 50 प्रतिशत तथा नीट परीक्षा में 50 पर्सेन्टाईल (50 Percentile) अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। अनारक्षित (सामान्य) विकलांग उपश्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 45 प्रतिशत तथा नीट परीक्षा में 45 पर्सेन्टाईल (45 Percentile) अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।<br>(ii) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 40 प्रतिशत तथा नीट परीक्षा में 40 पर्सेन्टाईल (40 Percentile) अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। |
| 2. | NEET 2016 के अन्तर्गत यू0पी0 प्राइवेट स्टेट रैंक15000 से 25000 के अन्तर्गत आने वाले अर्ह अभ्यर्थी | 23.9.2016<br>(दिन शुकवार) | 24.9.2016<br>(दिन शनिवार) | |
| 3. | NEET 2016 के अन्तर्गत यू0पी0 प्राइवेट स्टेट रैंक25001से आगे के समस्त अर्ह अभ्यर्थी(**सीटें उपलब्ध रहने तक**) | 24.9.2016<br>(दिन रविवार) | 25.9.2016<br>(दिन रविवार) | |

(**Gen** -सामान्य (अनारक्षित) **OBC**-अन्य पिछडा वर्ग **SC**-अनुसूचित जाति **ST**- अनुसूचित जनजाति **FF**-स्वंतन्त्रता संग्राम सेनानी **EA**- भूतपूर्व सैनिक के आश्रित **PH**-विकलांग, **NCC**–एन0सी0सी0,**GL**–महिला, **OP**–ओपेन श्रेणी )

**नोटः– 1–आमंत्रित अभ्यर्थी प्रथमतः प्रमाण पत्रों की जॉच तथा पंजीकरण अपने जनपद से सम्बन्धित मण्डल के निकट स्थित काउंसिलिंग केन्द्रों पर, जिसका विवरण बिन्दु संख्या–7 पर अंकित तालिका में है, पर उपस्थित होकर कराएंगे तत्पश्चात अर्ह पाये जाने पर उसी काउंसिलिंग केन्द्र पर काउंसिलिंग के लिए प्रातः 09:30 बजे उपस्थित होंगे।**

**2–नीट यू0पी0 2016 की प्रथम काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर चुके छात्र अपने पूर्व के काउंसिलिंग केन्द्रों पर ही उपस्थित होंगे, तथा जो छात्र नीट यू0पी0 2016 की प्रथम काउंसिलिंग के माध्यम से मेडिकल कालेजों में प्रवेश लेकर अध्ययनरत हैं, वह अपने निकटवर्ती किसी भी काउंसिलिंग केन्द्र पर उपस्थित होकर काउंसिलिंग करा सकते हैं।ऐसे छात्रों को उपस्थिति-पंजीकरण फार्म विभागीय वेबसाईटwww.updgme.in से डाउनलोड कर उसे पूर्णतया भर कर अपने नये काउंसिलिंग केन्द्र पर निर्धारित तिथि को जमा करना होगा, जिससे उनका पुनः नये काउंसिलिंग केन्द्र पर काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण सम्भव हो सकेगा।**

## <u>अभ्यर्थियों हेतु सामान्य निर्देश</u>

1–काउसिंलिग बोर्ड का निर्णय प्रत्येक प्रकरण में अंतिम व मान्य होगा।

2–**रिट याचिका संख्या–20575 (एम0बी0) आफ 2016 यू0पी0 अनएडेड मेडिकल कालेजेज वेलफेयर एसोसिएशन बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15.9.2016 द्वारा निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों के शुल्क के सम्बन्ध में पूर्व निर्धारित सब्सिडाईज्ड तथा नॉन सब्सिडाईज्ड सीटों की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों के शुल्क के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय दिशा–निर्देश प्राप्त होने पर सूचित किया जायेगा।**

3–श्रेणी विशेष की निर्धारित सीटें समाप्त होने पर उस श्रेणी की काउसिंलिग समाप्त कर दी जायेगी।

4– **डी0नोवो प्रथम काउंसिलिंग निर्धारित तिथियों में प्रत्येक दशा में रात्रि 12:00 बजे समाप्त कर दी जायेगी तथा शेष अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग अगले दिन उसी मेरिट क्रम से प्रारम्भ की जायेगी, जहाँ पूर्व दिवस को रात्रि 12:00 बजे काउंसिलिंग समाप्त होगी।अतः अभ्यर्थी अपनी काउंसिलिंग तिथि से एक दिन का अतिरिक्त समय लेकर ठहरने की व्यवस्था के साथ उपस्थित हों।**

**5–<u>डी0नोवो प्रथम चक्र हेतु पृथक से काउंसिलिंग शुल्क लागू नहीं होगा।</u>**

6–ऐसे छात्र, जिन्होने प्रथम चक्र की काउंसिलिंग हेतु सिक्योरिटी धनराशि रूपया–5,000/–(रूपये पांच हजार मात्र) जमा नहीं किया है, उन्हे निम्न प्रक्रियानुसार भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से जमा करना होगाः–

- शुल्क जमा करने हेतु कम्प्यूटर, इण्टरनेट कनेक्शन एवं प्रिण्टर की आवश्यकता होगी।
- अभ्यर्थी अपनी अर्हता का आंकलन NEET Counseling 2016 के ब्रोशर में निर्धारित व्यवस्थानुसार स्वयं करते हुए शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।
- **<u>काउंसिलिंग हेतु सिक्योरिटी धनराषि रू0 5000/– (रूपये पॉच हजार मात्र) दिनांक 19.9.2016 से जमा किया जायेगा।</u>**
- शुल्क जमा करने की वेबसाईट **<u>www.updgme.in</u>**अथवा**<u>http://www.onlinesbi.com/prelogin/icollecthome.htm</u>** है।
  (क) **<u>आनलाईन पेमेन्ट</u>**– डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेटबैंकिंग का प्रयोग करें (किसी भी बैंक का)
- ऑनलाईन भुगतान करने हेतु स्टेप्स निम्नवत हैंः–

| **<u>www.updgme.in</u>** के माध्यम से शुल्क जमा करने की प्रक्रिया | **<u>http://www.onlinesbi.com/prelogin/icollecthome.htm</u>** के माध्यम से शुल्क जमा करने की प्रक्रिया |
|---|---|
| वेबसाईट www.updgme.in/NEET COUNSELLING पर लॉगइन करें। | वेबसाईट http://www.onlinesbi.com/prelogin/icollecthome.htm पर लॉग इन करें। |
| Select Payment Category: NEET COUNSELLING FEE | Select State: as Uttar Pradesh |
| Enter Roll Number | Select : Educational Institution |

| | |
|---|---|
| | Select : Director General Medical Education and training |
| | selection process/fee category name |
| | Enter Roll Number |

स्कीन पर छात्र के Basic Details प्रदर्शित होंगे, जिन्हे आप verify करेंगे।

Refund हेतु छात्र अपनी BankDetails भरेंगे।

भुगतान हेतु विकल्प स्कीन पर प्रदर्शित होंगे, जिसमे SBI इण्टरनेट बैंकिंग, एस0बी0आई0 डेबिट कार्ड, अन्य बैंकों के डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड तथा भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में नकद धनराशि जमा करने के विकल्प उपलब्ध होंगे।

यदि ऑनलाईन माध्यम से भुगतान की प्रकिया का चयन किया गया है तो उपरोक्त में से चयनित विकल्प के अनुसार स्कीन पर बैंक, डेबिट कार्ड एवं केडिट कार्ड से संबंधित आई0डी0 और पासवर्ड की सूचना भरे जाने पर ही भुगतान सुनिश्चित होगा।

**ऑफलाईन प्रकिया:**

यदि Cash (नकद) भुगतान की प्रकिया का चयन किया गया है तो छात्र ई–चालान के प्रिण्ट आऊट के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में धनराशि जमा कर सकता है।

आफलाईन प्रकिया से भुगतान करने की दशा में उपरोक्त दर्शायी गयी प्रकिया के अनुसार अभ्यर्थी ई–चालान के प्रिण्ट आऊट के साथ भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/– (रूपए पॉच हजार मात्र) जमा कर सकते है। अभ्यर्थी द्वारा उक्त धनराशि बैंक में जमा होने संबंधी चालान की मूल प्रति काउंसिलिंग स्थल पर प्रस्तुत करना होगा अथवा छात्र को अपना Transaction Number जो दस अंको (उदाहरणार्थ DUxxxxxxxx)का होगा, काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण के समय बताना होगा, कृपया सभी अभ्यर्थी अपना Transaction Number नोट करना सुनिश्चित करें। ऑनलाईन शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थी प्रिण्ट स्कीन का प्रिण्टआउट काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत कर सकते हैं।

7– काउंसिलिंग व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु छात्रों को अपने जनपद से सम्बन्धित मण्डल के निकट स्थित काउंसिलिंग केन्द्रों पर पंजीकरण तथा काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना होगा। काउंसिलिंग केन्द्रों तथा सम्बन्धित मण्डलों का विवरण निम्नलिखित है:–

| **काउंसिलिंग केन्द्रों के नाम** | **एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ** | **मेडिकल कालेज, कानपुर** | **मेडिकल कालेज, इलाहाबाद** | **मेडिकल कालेज, मेरठ** |
|---|---|---|---|---|
| **मण्डलों का नाम** | बस्ती, देवीपाटन, फैजाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली | चित्रकूट, झॉसी, कानपुर, आगरा | इलाहाबाद, आजमगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी | अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर |

8– अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/–(रूपए पॉच हजार मात्र) की वापसी वर्ष 2016 की समस्त काउंसिलिंग प्रकिया सम्पन्न होने के पश्चात ऑनलाईन प्रकिया के माध्यम से उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खाते में की जाएगी।

9– काउसिंलिग हेतु अलग से कोई सूचना (काल लेटर) प्रेषित नही की जायेगी। प्रकाशित सूचना तथा websitewww.updgme.in पर उपलब्ध सूचना के आधार पर काउसिंलिग हेतु उपस्थित होना होगा ।

10– काउसिंलिग के समय अर्हता सम्बन्धी सभी मूल प्रमाण पत्र (आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी प्रमाण पत्र सहित) तथा उनकी एक–एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि एवं NEET 2016 के आवेदन पत्र पर चस्पा की गयी फोटो की 02 प्रतियां, NEET 2016 का प्रवेश पत्र मूल रूप में, नीट 2016 की मार्कशीट तथा वेबसाईट www.kgmu.org पर ऑनलाईन पंजीकरण के रूप में प्राप्त प्रिण्टआउट की प्रति साथ लाना आवश्यक है। अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र जो

दिनांक **31 मार्च 2016** के बाद का बना हो, तथा जिसमें क्रीमीलेयर में न होने का प्रमाण भी अंकित हो, मूल रूप में लाना सुनिश्चित करें। **मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

11– **ऐसे छात्र, जिन्होने नीट यू0पी0 2016 की प्रथम काउंसिलिग के माध्यम से आवंटन के पश्चात सम्बन्धित कालेजों में प्रवेश प्राप्त कर लिया है, तथा उनके मूल अभिलेख सम्बन्धित कालेजों में जमा है, को प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC), समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति तथा प्रथम काउंसिलिंग से प्राप्त आवंटन पत्र की छायाप्रति डी0–नोवो काउंसिलिंग में प्रस्तुत करना आवश्यक है। ऐसे छात्र, जिन्हे प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है, उन्हे इस काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु निम्न प्रपत्रों को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगाः-**

- **नीट यू0पी0 2016 की प्रथम काउंसिलिंग से प्राप्त आवंटन पत्र।**
- **प्रवेश हेतु जमा किये गये शुल्क रसीद की छायाप्रति।**
- **कालेजों में मूल अभिलेख जमा किये जाने सम्बन्धी प्राप्ति रसीद।**

12–अन्य निर्देश तथा विवरण इस कार्यालय की बेवसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध है।

**महानिदेशक**

संख्या–एम0ई0–3/2016/2539–55 तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि,निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव,उत्तर प्रदेश शासन,चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2
2. समस्त सदस्य काउसिंलिंग बोर्ड, नीट काउंसिलिंग–2016
3. निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि काउंसिलिंग हेतु आवश्यक व्यवस्था/तकनीकी स्टाफ उपलब्ध कराए जाने हेतु सम्बन्धित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. नोडल अधिकारी, टेली मेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ।
5. काउंसिलिंग केन्द्र प्रभारी, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर, इलाहाबाद तथा मेरठ।
6. निदेशक, दूरदर्शन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सूचना प्रातः एवं सांयकालीन प्रसारण मे लगातार दो दिनों तक प्रसारित करने का कष्ट करें।
7. निदेशक, आकाशवाणी लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सूचना प्रातः एवं सांयकालीन प्रसारण मे लगातार दो दिनों तक प्रसारित करने का कष्ट करें।
8. चीफ को–आर्डिनेटर, नीट काउंसिलिंग–2016, किंग जार्ज चिकित्सा विष्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
9. निजी सचिव, माननीय मंत्री, चिकित्सा शिक्षा को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार मा0 मंत्री जी को अवगत कराने का कष्ट करें।

10. सम्बद्व अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार सूचना इस महानिदेशालय की वेबसाइट. **www.updgme.in** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
11. मेसर्स एम0एम0 एडवरटाइजिंग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर तथा झांसी, दैनिक हिन्दुस्तान के इलाहाबाद तथा वाराणसी एवं अमर उजाला के आगरा मुरादाबाद अलीगढ, मेरठ तथा बरेली के सस्करणों में तथा दि टाइम्स आफ इण्डिया (अंग्रेजी) के लखनऊ संस्करण में **दिनांक 20 सितम्बर 2016** को सूक्ष्म अक्षरों, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त प्रकाशित प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।
12. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, झॉसी, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, आजमगढ, सहारनपुर तथा बांदा।
13. अधिष्ठाता, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विष्वविद्यालय, सैफई, इटावा।
14. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, जवाहर भवन, लखनऊ को इस आषय से प्रेषित कि उपरोक्त तिथियों में छात्रों द्वारा जमा की जाने वाली सिक्योरिटी धनराषि रू0 5000/– जमा कराए जाने के संबंध में आवष्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
15. आहरण–वितरण अधिकारी/कैशियर, चिकित्सा शिक्षा।
16. महानिदेशक के शिविर सहायक को सूचनार्थ।
17. नाजिर, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त काउंसिलिंग तिथियों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

( वी0एन0त्रिपाठी )
**महानिदेशक**